मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 80, मुंबई, शुक्रवार, 17 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# 12 जून को मुंबई में होगी मानसून की दस्तक

## अल नीनो का प्रभाव हुआ कम ला नीना हो रहा प्रभावी




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उमस भरी गर्मी के बीच मुंबईकरों में मानसून के आगमन की बेसब्री बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो 12 जून के आस-पास बारिश महानगर में दस्तक दे सकती है। अल नीनो का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और संभावना बन रही है कि अगले तीन से पांच सप्ताह में ला नीना परिस्थितियां पैदा हो जाएंगी। ऐसे में पिछले साल की तुलना में 12 दिन पहले मुंबई में मानसून आगमन की गुंजाइश बनती दिखाई दे रही है। हालांकि इसमें 4 से 5 दिन आगे-पीछे की संभावना भी व्यक्त की गई है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### *इस साल अच्छी बारिश की संभावना*

*मौसम विभाग ने इस साल अच्छी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। जो कृषि के लिए फायदेमंद होगी। इस साल 106 फीसदी यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 104 से 110 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर माना जाता है। पिछले साल अल-नीनो प्रभावी था, इसलिए सामान्य से कम 94 प्रतिशत बारिश हुई थी। इससे पहले 2020 से 2022 के दौरान ला-नीना ट्रिपल डिप के दौरान 109%, 99% व 106% बारिश हुई थी।*



# मुंबई होर्डिंग हादसे में 66 घंटे तक चला बचाव अभियान अब हुआ बंद

## मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16

**मुंबई।** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में उस जगह पर खोज एवं बचाव अभियान को अब बंद करने की घोषणा की है, जहां एक विशालकाय होर्डिंग गिर गया था। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम बैमोसम बारिश और तेज आंधी के दौरान छेड़ा नगर इलाके में एक पेट्रोल पंप पर लगा विशालकाय होर्डिंग गिर गया था, जिसके बाद उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए 66 घंटे तक तक खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# ठाणे में 'खतरनाक' इमारत का एक हिस्सा गिरा

## बाल-बाल बची 6 लोगों की जान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में दो मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इमारत को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया गया था। भिवंडी निजामपुर नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख राजू वार्लीकर ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे यह हादसा हुआ था। जिसके बाद इमारत से छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि भंडारी परिसर में स्थित 15 मकानों वाली इस इमारत को खतरनाक और रहने के लिए अनुपयुक्त करार दिया गया था। वार्लीकर ने बताया कि इमारत के मालिक को इसे खाली कराने का निर्देश दिया गया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# उद्धव को मिलेंगी सबसे ज्यादा सीटें

## महाराष्ट्र के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण बोले- दो पार्टियां हो जाएंगी खत्म

**मुंबई।** लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। इन दोनों राज्यों में क्रमशः 80 और 48 सीटें हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के अगुवाई वाले महायुति और कांग्रेस के अगुवाई वाले एमवीए के बीच मुकाबला है। महाराष्ट्र में सिर्फ 13 सीटों के लिए वोटिंग बची है। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और राज्य के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने बड़ा दावा किया है। चव्हाण ने कहा कि एमवीए महायुति से आगे रहेगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### *बीजेपी को नहीं मिलेगा बहुमत*

*चव्हाण ने जब पूछा गया कि राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी को कितनी सीटें मिलेंगी तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें 272 सीटें मिलेंगी। शायद 250 और 271 के बीच। चव्हाण ने कहा कि बीजेपी इसके नीचे भी जा सकती है। ऐसे में बीजेपी के सामने सहयोगी जुटाने की चुनौत होगी। चव्हाण ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि बीजेपी को महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और तेलंगाना में सीटें हारनी पड़ रही हैं। इसके अलावा राजस्थान, बिहार, हरियाणा और यूपी में भी माहौल ठीक नहीं है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### सुप्रीम कोर्ट का संरक्षण

**अब से यूएपीए के तहत किसी को गिरफ्तार करते वक्त पुलिस को उसकी गिरफ्तारी का आधार बताना होगा और संबंधित व्यक्ति को कानूनी सलाह लेने का अवसर उपलब्ध करवाना होगा। सिर्फ गिरफ्तारी का कारण बताना पर्याप्त नहीं है।**

सुप्रीम कोर्ट ने गैर-कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत गिरफ्तारियों के मामले में एक महत्त्वपूर्ण संरक्षण का प्रावधान किया है। कहा जा सकता है कि पिछले अक्टूबर में कोर्ट ने मनीलॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के सिलसिले में जो संरक्षण दिया था, उसका अब यूएपीए के मामलों में भी विस्तार कर दिया गया है। संरक्षण यह है कि इस कानून के तहत किसी को गिरफ्तार करते वक्त गिरफ्तारी का आधार उसे बताना होगा और कानूनी सलाह लेने का अवसर उसे उपलब्ध करवाना होगा। चूंकि न्यूज क्लिक वेबसाइट के संस्थापक संपादक प्रवीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के समय इन दोनों शर्तों का पालन नहीं किया गया, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। इस निर्णय के बाद बुधवार शाम पुरकायस्थ नई दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा हो गए। कोर्ट ने कहा कि पुरकायस्थ को गिरफ्तार करने से पहले रिमांड एप्लीकेशन की कॉपी उन्हें या उनके वकील को दी जानी चाहिए थी और उन्हें यह बताना चाहिए था कि उन्हें गिरफ्तार किस आधार पर किया जा रहा है। कोर्ट ने व्यवस्था दी कि सिर्फ गिरफ्तारी का कारण बताना पर्याप्त नहीं है। उसका आधार भी बताना होगा। अदालत ने कहा कि इस मामले में चार्जशीट दाखिल नहीं हुई होती, तो वह पुरकायस्थ को बिना शर्त रिहा करने का आदेश देती। लेकिन चार्जशीट दायर हो चुकी है, इसलिए उन्हें एक लाख रुपये का जमानती बॉन्ड भरने का आदेश दिया गया। पुरकायस्थ को पिछले तीन अक्तूबर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले न्यूज क्लिक के दफ्तर और कई कर्मचारियों के घरों पर छापे मारे गए थे। आरोप है कि न्यूजक्लिक ने चीन समर्थक प्रचार करने वाले एक अमेरिकी नागरिक से चंदा लिया और चीन का प्रचार किया है। अगस्त 2023 में अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया था कि अमेरिकी अरबपति नेविल रॉय सिंघम ने चीनी प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए कई संगठनों सहित न्यूजक्लिक भी चंदा दिया। इसी रिपोर्ट के आधार पर न्यूज क्लिक पर छापे मारे और पुरकायस्थ को यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया। उसके पहले न्यूज क्लिक के खिलाफ फरवरी 2021 में भी ईडी ने छापे मारे थे।

# हज के सफर पर निकले अपनो को अपनो ने दी नाम आँखों से विदाई

## मुसलमानों की पवित्र यात्रा हज के लिए बरेली से दूसरा जत्था हुआ रवाना

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** मुसलमान की जिंदगी का सबसे मुकद्दस सफर हज पर जाने वालों का सिलसिला जारी है। हज पर जाने के लिए बरेली से दूसरे जत्थे में शामिल कई लोग गुरुवार को ट्रेन से लखनऊ हज हाउस से लिये रवाना हुए। लखनऊ से वो 17 मई को हज के सफर के लिए उड़ानभरेंगे। रेलवे स्टेशन पर हज हजयात्रियों को विदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहाँ पहूँचे। हज पर जाने वाले जायरीन से किसी ने गले लगकर तो किसी ने सर पर हाथ रखा कर दुआ की तलब की। अपनो की विदाई के वक्त कुछ लोगो के आँखे में आंसू भी छलक आये। हज के पवित्र सफर पर जाने वाले हज जायरीन को विदा करने के लिए बरेली हज सेवा समिति की टीम पम्मी खान वारसी के नेतृत्व में हज पर जाने वालों से मिलने पहूँची। समिति के



महासचिव अल्हाज इंजीनयर अनीस अहमद खान ने सभी हजयात्रियों को गले मिलकर हज के मुकद्दस सफर की मुबारकबाद दी। समिति के हज ट्रेनर हाजी फैजान खाँ भी हज यात्रा के लिये रवाना हुए वह मदीने शरीफ व मक्का शरीफ में आजमीन की खिदमात करेंगे। स्टेशन पर हज यात्रियों में ठिरिया की रिजवाना खानम,आजम नगर के मो सिराज कुरैशी राजू,इमराना कुरैशी, ठिरिया से बेबी नसरीन,फिरोज खान,मुस्तफा रजा खाँ, लियाकत अली खान,साजदा परवीन,मेराज अली खां, फर्मिदा खानम,अफरोज खान,पदारत पुर से मय्युम खान आदि आजमीन लखनऊ हज हाउस के लिये रवाना हुए। यहाँ पम्मी खाँ वारसी ने हज जायरीन से मक्का शरीफ और मदीने शरीफ में खुसूसी दुआ की गुहार की। समिति से हाजी अजीम हसन,हाजी यासीन कुरैशी, हाजी साकिब रजा खाँ,हाजी उवैस खाँ,नजमुल एसआई खान,अहमद उल्लाह वारसी,मोहम्मद एजाज के अलावा बड़ी संख्या में हज पर जाने वाले परिवार के लोग उपस्थित रहे। बताते चलें कि हज के सफर के लिए बरेली से हज यात्रियों का जत्था ट्रैन के अलावा अपने अपने निजी वाहनों से भी लखनऊ हज हॉउस के लिए परिवार के सदस्यों के साथ पहूँच रहे हैं। बरेली के कटघर निवासी डॉ कमाल उनकी पत्नी गुरुवार सुबह हज के सफर के लिए लखनऊ हज हाउस रवाना हुए। सफर से पहले उनके परिवार के सलमान, फरहान, बासीर, अहमर खान घर के पड़ोसियो आदि लोगो ने हज सफर की मुबारकबाद देने घर पहूँचे।

## विकल्प नहीं पर मुद्दे है और मार्केटिंग फेल!

सन 2024 का चुनाव उलझन भरा है। यह एक ऐसा चुनाव है जिसमें कोई विकल्प मौजूद नहीं है, लेकिन फिर भी बहुत से विकल्प हैं। यह एक मुद्दे पर जैसे 370 या राम मंदिर पर केन्द्रित चुनाव नहीं है, बल्कि इसमें बहुत से मुद्दे हैं - महंगाई, बेरोजगारी, झूठ, सहानुभूति, भय और मोहभंग। पहली बात मोदी के चेहरे और विकल्प की। हर चुनाव में अंहम सवाल होता हैं कि मतदाताओं को भला क्यों सत्ताधारी को हटाना चाहिए?फिर सवाल है क्या कोई विकल्प है, जिसे वोट देकर सत्ता सौंपी जाए? इस चुनाव में भी यह सवाल है कि विकल्प कौन है? जब संसदीय प्रणाली के चुनाव को राष्ट्रपति चुनाव जैसा बना दिया गया है तो मीडियाकर्मियों को यह पूछने का मौका मिलेगा ही कि मोदी नही तो कौन? तभी जनता, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह सब जानती है, इस सवाल में फंस जाती है क्योंकि उसके पास इस सवाल का कोई उत्तर नहीं है। इसमें उनकी गलती भी नहीं है, ना ही यह आश्चर्यजनक है।इसलिए क्योंकि पिछले दस सालों में मीडिया, प्रेस, सोशल मीडिया, फिल्में, रेडियो, किताबों और पत्रिकाओं के कवर से लेकर होर्डिगों पर तथा हाईवे के उद्घाटन के फीते काटते हुए सिर्फ एक व्यक्ति दिखा है, सारी नजरें सिर्फ उसी पर केन्द्रित रही हैं। और वह व्यक्ति है नरेन्द्र दामोदरदास मोदी। संपादकीय लिखते आए हैं कि मोदीजी काम करना और करवाना जानते हैं - 370 हटाए जाने से लेकर राम मंदिर के निर्माण तक; जम्मू और कश्मीर को भारत का अटूट अंग बनाए जाने से लेकर भगवान राम को वापिस लाने तक - सारा प्रचार उन पर केन्द्रित रहा है।

## बिक मत जाना, अबकी बिजली पानी पर

लोग हंसेंगे फिर से बाबू,
तुम सबकी नादानी पर
संभल के रहना,बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

दिल्ली में भी बिजली पानी पर नादानी कर बैठे
हुए एकजुट वो,हम खुद को पानी पानी कर बैठे
मिला साथ सत्ता का उनको,वो मनमानी कर बैठे
गंगा जमुनी के चक्कर में हम कुर्बानी कर बैठे

खून नहीं खौला क्या अब भी,
दंगों की कुर्बानी पर।
संभल के रहना, बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

याद करो बंगाल जहां हम खुद बंटकरके हारे थे
वो सौ प्रतिशत दीदी संग थे हम सबमें बंटवारे थे
जिता गए सब बंग्लादेशी अल्लाहू के नारे से
जीत गई दीदी तो हमको चुन-चुनकर संहारे थे

कोई सेकुलर मुंह ना खोला,
इन सबकी शैतानी पर।
संभल के रहना,बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

सुन लो जाटों वही मुजफ्फरनगर जहां हम रोए थे
अपने कितने घर आंगन, भाई-बेटों को खोए थे
कैराना को भूल गए क्या जहां बेंचकर भागे थे
किसने किसने साथ दिया था, किस-किस ने बिष बोए थे
क्या विश्वास करोगे ताऊ,
ऐसे अफजल बानी पर।

संभल के रहना,बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

भला अयोध्या में क्या इनके रहते मंदिर बन पाता
काशी विश्वनाथ का कारीडोर कभी क्या मुस्काता
मथुरा में भगवान कृष्ण पर कोई कदम उठाता क्या
दस सालों में इतने मेडिकल कालेज वो बनवाता क्या

थूकेगा इतिहास हमेशा ,ऐसी सुप्त जवानी पर।
संभल के रहना, बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

जागे नहीं अभी तो पाकिस्तान बहुत मुसकाएगा
खालिस्तान हंसेगा, आजम खान पुनः गरियाएगा
बंग्लादेशी डांस करेंगे बाबर मौज मनाएंगे
सच्चा हिंदुस्तानी हर देशभक्त पछताएगा

भारत माता फिर सिसकेंगी,
हम जैसे अज्ञानी पर
संभल के रहना,बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

भ्रष्टाचारी एक हुए हैं,उनको सबक सिखाना है
सत्य सनातन को गरियाए,उनको भी समझाना है
कर्नाटक में भूल हुई जो उसे नहीं दोहराना है
अबकी बार समूचे भारत में भगवा लहराना है

लाए हैं जो प्रभू राम को, उनकी सत्ता लानी है
संभल के रहना,बिक मत जाना,
अबकी बिजली पानी पर।

**सुरेश मिश्र**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# नवंबर में शुरू हो जाएगा रे रोड का केबल ब्रिज, 77% काम पूरा

**मुंबई।** बीएमसी प्रशासन ने दावा किया है कि इस साल नवंबर में रे रोड ब्रिज को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। एक और महत्वपूर्ण पुल भायखला ब्रिज को भी अक्टूबर 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने बताया कि मुंबई में जर्जर पुलों की मरम्मत और ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए बीएमसी और महारेल ने संयुक्त रूप से रेलवे पुलों का काम शुरू किया है। पुलों के पुनर्निर्माण में हो रहे खर्च का भुगतान बीएमसी कर रही है। वहीं पुल निर्माण परियोजना का कार्य महारेल के माध्यम से किया जा रहा है। गगरानी ने कहा कि एक बैठक में मुंबई के रे रोड, भायखला ब्रिज, तिलक ब्रिज (दादर) और घाटकोपर ब्रिज के कार्यों की समीक्षा की गई। ओलिवेंट ब्रिज, आर्थर ब्रिज, एस ब्रिज (भायखला) की वर्तमान स्थिति के बारे में मध्य रेलवे ने 24 अप्रैल 2024 को बीएमसी को पत्र भेज कर सूचित किया



है कि यह ब्रिज अच्छी स्थिति में है। इन पुलों के पुनर्निर्माण की कोई आवश्यकता नहीं है। 10 से 15 वर्षों के बाद इन पुलों के पुनर्निर्माण की समीक्षा रेलवे द्वारा की जाएगी। मुंबई में यातायात को सुचारू करने के लिए बीएमसी ने मुंबई में बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का काम शुरू किया है। रेलवे नेटवर्क पर पुल निर्माण कार्य में बीएमसी और महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (महारेल) के बीच समन्वय होना चाहिए, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना संभव हो सके। गगरानी ने निर्देश दिया कि मुंबई में चल रहे पुल कार्यों को तेजी से और निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाए।

### तीन पुलों के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी

गगरानी ने बताया कि मुंबई में करी रोड ब्रिज, माटुंगा (रेलवे ब्रिज के नीचे), महालक्ष्मी ब्रिज के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इन पुलों के पुनर्निर्माण के प्रारंभिक चरण का अध्ययन अभी चल रहा है। इन पुलों के पुनर्निर्माण से ट्रैफिक जाम को कम करने में मदद मिलेगी। इससे समय और ईंधन की भी बचत होगी।

### मुंबई में चार पुलों के काम की वर्तमान स्थिति

★रे रोड ब्रिज- इसका 77% काम पूरा हो चुका है। पुल को नवंबर 2024 तक यातायात के लिए खोलने का लक्ष्य है।

★भायखला ब्रिज- 42% काम पूरा हो चुका है। पुल को अक्टूबर 2025 तक यातायात के लिए खुलने की उम्मीद है।

★तिलक ब्रिज- दादर स्थित इस ब्रिज का अब तक 8% काम पूरा हो चुका है।

★घाटकोपर ब्रिज- इसका 14% काम पूरा हो चुका है।

### बेहतर तालमेल से काम में आई तेजी

बीएमसी ने एलिफिस्टन रोड, हिमालय ब्रिज गिरने के बाद तमाम ब्रिजों की स्ट्रक्चरल ऑडिट की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद से खतरनाक ब्रिजों को नए सिरे से बनाने का काम शुरू हुआ। रेलवे के साथ तालमेल कर तेजी से काम करने के लिए रेलवे की ही कंपनी महारेल को काम सौंपा गया। इसके नतीजे भी सामने आ रहे हैं।

## मुंबई के घाटकोपर में हॉर्डिंग गिरने की घटना को लेकर रेलवे और बीएमसी में ठनी

**मुंबई।** घाटकोपर में हॉर्डिंग गिरने की घटना के बाद बीएमसी द्वारा रेलवे को नोटिस भेजा गया था लेकिन रेलवे फिलहाल बीएमसी के दिशा निर्देश पालन करने पर मंथन कर रही है। बीएमसी ने रेलवे परिसर में लगे ओवर साइज हॉर्डिंग्स को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सूत्रों के अनुसार रेलवे ने हॉर्डिंग लगाने को लेकर अपने सिस्टम पर भरोसा जताते हुए फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं करने का मन बनाया है। बीएमसी ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के सेक्शन 30 (2) (V) का हवाला देते हुए रेलवे परिसरों से 40X40 फीट से बड़े हॉर्डिंग को हटाने का निर्देश दिया था। पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में कुल 137 हॉर्डिंग स्ट्रक्चर हैं। इनमें से 95 प्रतिशत मुंबई उपनगरीय रेलवे के दायरे में हैं। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन में 99 लोकेशन पर 138 हॉर्डिंग्स हैं। इसमें से अधिकतम साइज 100X40 फीट है। रेलवे के अनुसार हॉर्डिंग लगाने से पहले सभी आवश्यक सुरक्षा से जुड़े पहलुओं का पूरा ध्यान रखा जाता है और हर साल इसका स्ट्रक्चरल ऑडिट भी किया जाता है। रेलवे ने बताया कि बीएमसी द्वारा अप्रूव्ड कंपनियों से स्ट्रक्चर ऑडिट कराया जाता है।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म के शिकायतों के निराकरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

## शिकायत और सुझाव व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दे

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम में आम जनता द्वारा प्राप्त होनी वाली शिकायतों एवं समस्याओं का समयावधि में कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नोडल अधिकारी कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर प्राप्त हाने वाली शिकायतों, समस्याओं को संबंधित विभाग को तत्काल अग्रेषित कर कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश देगीं।



सोशल मीडिया प्लेटफार्म की शिकायत का स्क्रीनशाट लेकर उसे सही तरीके से कॉपी कर संबंधित विभाग के अधिकारी को व्हाट्सएप, मेल आदि पर तत्काल प्रेषित कर कार्यवाही उपरांत रिपोर्ट लेगीं तथा मूल शिकायत, सुझाव आदि पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही सहित समस्त जानकारी प्रत्येक समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करेंगी। कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक,ट्विटर, इंस्टाग्राम में जब भी कोई कमेंट, शिकायत और सुझाव दे तो उसे व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दिया जाये ताकि उस पर आगे की कार्यवाही के लिए सबंधितों को निराकरण के निर्देश दिए जा सकें तथा कॉमेंट में फोन नंबर अवश्य दर्ज करें जिससे संपर्क स्थापित किया जा सके।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई होर्डिंग हादसे में 66 घंटे तक चला बचाव अभियान अब हुआ बंद

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह साढ़े दस बजे अभियान को समाप्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद अभियान को बंद करने का ऐलान किया। बचावकर्मियों ने बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात होर्डिंग के नीचे मलबे में दबी एक कार से वायु यातायात नियंत्रक (एटीसी) के एक सेवानिवृत्त महाप्रबंधक और उनकी पत्नी के शव निकाले, जिससे इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई जबकि 75 लोग घायल हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि दंपति के शवों को निकालने के लिए होर्डिंग के एक-दूसरे से जुड़े पांच गर्डरों को एक-एक करके काटना पड़ा।

### 12 जून को मुंबई में होगी मानसून की दस्तक

आमतौर पर मुंबई में 6 से 10 जून के बीच मानसून के पहुंचने की संभावना होती है। पिछले साल मानसून ने विलंब से 24 जून को दस्तक दी थी। इस साल कोकण के बाद मुंबई में 12 जून तक मानसून के पहुंचने की संभावना बनी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार महाराष्ट्र में 8 जून से मानसून सक्रिय हो सकता है। मानसून 31 मई को केरल पहुंचेगा। केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर और द्वीप समूह पर मानसून के दो दिन पहले यानी 19 मई को पहुंचने की संभावना है, जबकि वहां दस्तक देने की सामान्य तारीख 21 मई है। पिछले साल मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। आगामी दिनों में मौसम विभाग फिर अपना फोरकास्ट जारी करेगा। यह मौसमी बदलाव दुनिया के एक हिस्से यानी पूर्व-मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र के तापमान में उतार-चढ़ाव के परिणामस्वरूप होते हैं। दोनों एक दूसरे के विपरीत पैटर्न हैं। अल नीनो को गर्म चरण और ला नीना को ठंडा चरण के रूप में जाना जाता है। ये प्रणालियां आमतौर पर लगभग एक से दो साल तक चलती हैं। यह चक्र हर तीन से सात साल में बदलता रहता है। ला-लीना के प्रभावी रहने पर भारत में अच्छी बारिश होती है। मानसून के आगमन तक गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के डेली फोरकास्ट के अनुसार आज से 20 मई के बीच अलग-अलग दिनों में राज्य में हीटवेव चलने की संभावना है। महाराष्ट्र सहित 11 राज्यों के लिए अलग-अलग दिनों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच राज्य के कुछ जिलों में बेमौसम बारिश की संभावना है। गुरुवार को मुंबई के कोलाबा में 34 डिग्री और सांताक्रूज में 35.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। राज्य में सर्वाधिक तापमान जलगांव में 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक औसत या सामान्य बारिश होगी। जो खरीफ फसलों के लिए अच्छा संकेत है। महाराष्ट्र सहित 23 राज्यों में अच्छी बारिश होगी।

### उद्धव ठाकरे को मिलेंगी सबसे ज्यादा सीटें

उन्होंने एमवीए को मिलने वाली सीटों की संख्या भी बताई। चव्हाण राज्य में कांग्रेस की प्रचार समिति के भी प्रमुख हैं। पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एमवीए राज्य में 32-35 सीटें जीतेगी। उन्हें उम्मीद है कि एनसीपी (शरदचंद्र पवार) 5-7 सीटें जीतेगी। कांग्रेस 12 से अधिक सीटें जीतेगी। चव्हाण ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) को लगभग 17 सीटें मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि नतीजों के बाद राज्य की छह प्रमुख पार्टियों में से दो अब टिकने में भी सक्षम नहीं बचेंगी। चव्हाण ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ एक खामोश लहर है। अब जब चुनाव के चार चरण समाप्त हो गए हैं, तो मुझे लगता है कि हमें राज्य की 48 सीटों में से 32-35 सीटें मिलेंगी। हमारे तीनों दलों के एक साथ आने की शक्ति अभूतपूर्व है। चव्हाण ने लोकसभा चुनावों के बाद महराष्ट्र में क्या स्थिति बनेगी। इसके जवाब में कहाकि महाराष्ट्र में छह मुख्य राजनीतिक दल हैं लेकिन यह टिकाऊ नहीं है। कम से कम दो पार्टियां (अजित पवार और एकनाथ शिंदे की तरफ इशारा) गायब हो जाएंगी। उनका अस्तित्व नहीं रहेगा। चव्हाण ने एक अन्य सवाल के जवाब में उम्मीद जताई कि एमवीए अच्छा प्रदर्शन करेगा। हमारे अलग होने का कोई कारण नहीं है। चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र में मुस्लिम वोट शिफ्ट हुआ है। वे बीजेपी को हराने के लिए रणनीति के तहत वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब शिव सेना मुसलमानों के लिए अछूत थी। आज वह बात नहीं है।

### ठाणे में खतरनाक इमारत का एक हिस्सा गिरा

घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग के स्थानीय कर्मी और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। भिवंडी नगर निगम आयुक्त अजय वैद्य ने राहत-बचाव कार्य का निरीक्षण किया। वार्लीकर ने बताया कि बुधवार को इमारत को जमींदोज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमें सख्त निर्देश हैं कि बरसात से पहले खतरनाक इमारतों को खाली करा लिया जाए और उन्हें जमींदोज भी कर दिया जाए। हम इस मामले में भी ऐसा ही करेंगे।



# भारतीय फुटबॉल के पोस्टर बॉय 6 जून को खेलेंगे अंतिम मैच 94 गोल के साथ दुनिया के तीसरे सबसे सक्रिय खिलाड़ी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

महान भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद उनके लंबे और सुनहरे कॅरियर पर विराम लग जाएगा।

भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिए यह घोषणा की। 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किए हैं। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं।



## छेत्री भारत के खेल रत्न

सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री आर्मी मैन थे, जबकि मां सुशीला नेपाल की नेशनल फुटबॉल टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री को साल 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें 2019 में पद्म श्री और 2011 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

### सबसे ज्यादा गोल

| फुटबॉलर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 128 | 206* |
| अली दई | ईरान | 108 | 148 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 106 | 180* |
| सुनील छेत्री | भारत | 94 | 150* |
| मोख्तार दहारी | मलेशिया | 89 | 142 |

## साल्टलेक स्टेडियम में खत्म होगा सफर

छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सकती। भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में गोल भी किया था। भारत हालांकि वह मैच 1-2 से हार गया था। देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था।

## बड़ा फैसला : पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया

# केस अदालत के संज्ञान में तो पीएमएलए के तहत भी ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

**कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है।

कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा। अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया। धारा 44 के तहत एक शिकायत के आधार पर पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के बाद ईडी और उसके अधिकारी शिकायत में आरोपी के रूप में दिखाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है




### यूपीए सरकार में लागू हुआ पीएमएलए कानून

प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 में बनाया गया था। लेकिन, यह कानून मनमोहन सिंह की सरकार में जाकर लागू हुआ था। इस एक्ट का केवल एक ही उद्देश्य था कि कैसे काले धन को रोकना है। पीएमएलए के कानून का पहला शिकार झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोडा बने थे। 2010 के बाद टूजी घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटाले हुए और पीएमएलए कानून के तहत शिकंजा और कसता ही चला गया। 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन किया और इसको और अधिक सख्त कर दिया।

### उधर...रेप पीड़िताओं के टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगाई

*यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के टू फिंगर टेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेघालय सरकार को इस पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बलात्कार के मामले में टू फिंगर टेस्ट किया जा रहा है। कोर्ट ने इसे महिलाओं की निजता का हनन माना है। सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट पर 2013 में रोक लगाई थी। हालांकि इसके बाद भी कई राज्यों में ऐसे केस सामने आए जब बलात्कार पीड़िताओं की जांच के लिए उनका टू फिंगर टेस्ट किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 2014 में एक गाइडलाइन जारी की गई। इस गाइडलाइन में साफ लिखा गया कि यह टेस्ट पूरी तरह गैरकानूनी है।*

## युवती हरियाणा के दोस्त के साथ घूमने गई थी मनाली

# भोपाल की युवती को मारकर ट्रॉली बैग में ले जा रहा था युवक, 'होटल' पर शक

*युवती के गले में मिले निशान, आशंका गला घोंटकर उसे मारा गया। असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल इसकी जांच की जा रही*

मुंबई हलचल / भोपाल

राजधानी के शाहपुरा थाना क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश के मनाली घूमने गई युवती की दोस्त द्वारा हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की हत्या करने के बाद प्रेमी उसकी लाश बड़े से बैग में लेकर ठिकाने लगाने जा रहा था। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शाहपुरा इलाके की रहने वाली शीतल कौशल (26) अपने प्रेमी के साथ मनाली में घूमने के लिए गई थी। जहां होटल में प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। शीतल की लाश को उसके प्रेमी के बैग से बरामद किया गया है। मनाली पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ में जुटी हुई है। युवती के गले में मिले निशान से आशंका जताई जा रही है कि गला घोंटकर उसे मारा गया। असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।

### मनाली के लिए रवाना हुआ युवती का परिवार



शाहपुरा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि अजय नगर शाहपुरा में रहने वाले एक परिवार ने बुधवार शाम संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी गत पांच मई से घर से बाहर है। मनाली से उनके पास कॉल आया था कि बेटी की लाश मनाली में मिली है। पुलिस ने मनाली से आए कॉल वाले नंबर पर बातचीत की तो पता चला कि उसकी मनाली में हत्या हुई है। परिजन मनाली के लिए निकल गए हैं।



### हरियाणा के पलवल का रहने वाला आरोपी...ऐसे पकड़ाया

पुलिस ने बताया कि शीतल ने हरियाणा के पलवल के रहने वाले विनोद ठाकुर के साथ 13 मई को मनाली के एक होटल में चेक इन किया था। होटल स्टाफ का कहना है कि 13 मई को चेक इन करने के बाद दोनों दो दिन तक होटल में रुके और बाहर भी गए। 15 मई को विनोद ने चेक आउट किया और वाल्वो बस स्टैंड तक जाने के लिए टैक्सी बुलवाई। होटल के स्टाफ ने उससे शीतल के बारे में पूछताछ की तो उसने कहा कि वो लेह गई है। विनोद के पास एक बैग था जो काफी भारी था। टैक्सी में चढ़ाते वक्त होटल के स्टाफ को विनोद पर संदेह हुआ तो उन्होंने बैग खोलने के लिए कहा जिससे विनोद घबरा गया और मौके से भाग निकला। पुलिस को सूचना दी गई और जब पुलिस ने बैग खोलकर देखा तो उसमें शीतल की लाश थी। आरोपी विनोद भागने की फिराक में था लेकिन मनाली पुलिस ने उसे चंद घंटों के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

**होटल प्रबंधन की लापरवाही भी:** पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि जिस होटल में दोनों ठहरे थे, उसके सीसीटीवी कैमरे बंद थे। होटल स्टाफ ने बुकिंग से पहले फॉर्मेलिटी पूरी करने के बजाए केवल युवती का आधार कार्ड लेकर ही रूम किराए पर दे दिया। होटल में युवक का कोई दस्तावेज भी नहीं मिला।

**शीतल के नाम से होटल में कमरा बुक कराया :** ये भी पता चला है कि शीतल के नाम से होटल में कमरा बुक कराया गया था। उसके आधार कार्ड से पुलिस ने शीतल की पहचान की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी विनोद से पूछताछ में जुटी हुई है।

## रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए

# राजसी परंपरा से हुआ राजमाता का अंतिम संस्कार बेटे ज्योतिरादित्य ने दी मां माधवी राजे को मुखाग्नि





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा व कांग्रेस के नेता हुए शामिल

सीएम ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई हलचल / ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और राजमाता माधवी राजे का सिंधिया यहां राजसी परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां माधवी राजे को मुखाग्नि दी। इससे पहले मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराए गए। ग्वालियर में सिंधिया छत्री पर राजमाता माधवी राजे को अंतिम विदाई देने के लिए कई वीवीआईपी और आम लोग भी पहुंचे। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव व राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण, भाजपा व कांग्रेस के नेता मौजूद थे। लोगों ने नम आंखों से राजमाता को अंतिम विदाई दी। इससे पहले रानी महल से पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। गुरुवार सुबह उनकी पार्थिव देह दिल्ली से ग्वालियर लाई गई। यहां रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए।

### नेहरू पर जयशंकर ने किया कटाक्ष

## किसी गलती से पीओके हमसे दूर हो गया, वो हमारा ही हिस्सा है

**नासिक।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की कमजोरी या गलती के कारण भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर अपनी पकड़ खो दी है। जयशंकर ने महाराष्ट्र के नासिक में 'विश्वबंधु भारत' नामक एक कार्यक्रम में ये टिप्पणी की है। उनसे पूछा गया अगर भारत लक्ष्मण रेखा पार कर लेता है और पीओके को भारत में मिला लेता है तो चीन का क्या रिएक्शन होगा? जयशंकर ने कहा, मैं नहीं मानता 'लक्ष्मण रेखा' जैसी कोई चीज है। मुझे लगता है कि पीओके भारत का हिस्सा है। यह किसी की कमजोरी या गलती के कारण अस्थाई रूप से हमसे दूर हो गया है। पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, बीजिंग के पूर्व राजदूत एवं विदेश मंत्री जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला

## केंद्र 17 विदेशी घुसपैठियों को तत्काल वापस भेजे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि तत्काल 17 विदेशी नागरिकों को वापस भेज जाए, जिन्हें असम के एक डिटेंशन कैंप में रखा गया है। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की कि जो संसाधन इन लोगों पर खर्च हो रहे हैं, वे भारत के लोगों को मिलने चाहिए। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन 17 लोगों के पास भारत में कोई केस दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें वापस भेजने में कोई अड़चन नहीं है। अदालत ने कहा, 'रिपोर्ट से पता चलता है कि असम में डिटेंशन सेंटर है, जिसे ट्रांजिट कैंप भी कहा जाता है। डिटेंशन सेंटर में घोषित तौर पर 17 विदेशी मौजूद हैं, जिनमें से 4 तो दो साल से यहीं हैं।

## कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का खुलासा

# रंजिश के चलते रची गई मौत की साजिश, गंडासे से हमला कर मारी थी गोली, अलग-अलग जगहों से 6 अरोपी अरेस्ट

मुंबई हलचल / नारायणपुर




नारायणपुर में कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का नारायणपुर पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया है। हत्या की घटना में शामिल छह आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नारायणपुर निवासी विक्रम बैस की रंजिश के चलते हत्या की थी। घटना में इस्तेमाल पिस्टल, गंडासा, दोपहिया वाहन और आरोपियों के मोबाइल को जब्त किया गया है। हत्या की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी मनीष राठौर फरार है।

नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि 13 मई की रात में अज्ञात व्यक्तियों ने कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए साइबर टीम और पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज व साइबर एनालिसिस के आधार पर मनीष राठौर निवासी नारायणपुर का नाम सामने आया। मनीष राठौर, जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव और विवेक अधिकारी ने लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची थी।

मनीष राठौर ने भिलाई के इंडियन कॉफी हाउस में पिस्टल खरीदने और हत्या की प्लानिंग करने के लिए विश्वजीत नाग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी, संदीप यादव उर्फ संजू और सैमुआल उर्फ रायनुन्तलम के साथ मीटिंग की। हत्या में उपयोग हुआ पिस्टल जिला सिवान बिहार से लाया गया था। घटना को अंजाम देने से पहले दो दिनों तक आरोपियों ने विक्रम बैस की रेकी की थी। घटना के दिन विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपी संजू यादव और विश्वजीत नाग ने मिलकर गंडासा से वार कर और पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था।

## बाइक चोर गिरफ्तार शराब पीने के लिए चुराया था वाहन



**जगदलपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले दो युवक शराब पीने के आदि थे। शराब पीने के लिए पैसे नहीं होने पर खपरा भट्टी के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर उससे कब्जे से बाइक बरामद की है। शिकायतकर्ता सौरभ जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जितेंद्र सिंह नाम साईनाथ कमर्शियल खपरा भट्टी कपड़ा गोदाम की रखवाली करता है। रोज की तरह जितेंद्र ने अपनी बाइक गोदाम के बाहर खड़ी की थी। सुबह बाइक वहां से गायब थी।

# गर्मी बढ़ने के साथ फिर सुलगने लगे जंगल, 24 घंटे के भीतर सात नई घटनाएं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में गर्मी बढ़ने के साथ जंगल की आग की घटनाएं फिर बढ़ने लगी हैं। 24 घंटे के भीतर सात नई घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें कुल नौ हेक्टेयर वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। फायर सीजन में अब तक कुल 1,075 घटनाओं में 1,451 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। जबकि पांच लोगों की मृत्यु व चार लोग घायल हुए हैं। मौसम शुष्क होने के कारण एक बार फिर प्रदेश के जंगलों में आग का खतरा बढ़ गया है। बीते 24 घंटे में मसूरी वन प्रभाग में चार घटनाएं, लैंसडौन वन प्रभाग में दो और तराई पूर्वी वन प्रभाग में एक घटना हुई। वन कर्मी आग को बुझाने में जुटे हैं। दावा किया जा रहा है कि ज्यादातर घटनाओं में आग पर काबू पा लिया गया है।



**मौसम के बदले मिजाज से उत्तराखंड को राहत मिली थी**

इससे पहले बीते सप्ताहभर पूर्व मौसम के बदले मिजाज से उत्तराखंड को राहत मिली थी। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में हुई बारिश ने जंगलों की आग बुझा दी थी। मौसम के साथ ही शरारती तत्व भी लगातार वन विभाग की मुश्किलें बढ़ा रहे थे। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 421 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। वहीं, वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जंगल की आग की सूचना देने के लिए नंबर 18001804141, 01352744558 पर काल कर सकते हैं। साथ ही 9389337488 व 7668304788 पर वाट्सएप के माध्यम से भी जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा राज्य आपदा कंट्रोल रूम देहरादून को भी नंबर 9557444486 और हेल्पलाइन 112 पर आग की घटना की सूचना दी जा सकती है।

- भारत 2024-25 में 4000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा
- अगले वित्त वर्ष के शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ देगा
- देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी

### पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य सान्याल ने कहा

# भारत अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा


मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सान्याल ने यह भी कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे।'

## हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 3700 अरब डॉलर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत वर्तमान में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है।



## जापान 4100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा आगे

सान्याल ने कहा कि जापान अब 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा, 'या तो अगले साल की शुरुआत में या इसी साल, हम जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।' सान्याल ने कहा कि जर्मनी 4,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह बढ़ नहीं रही है। इस लिहाज से यह एक स्थिर लक्ष्य है।



*हमें नौ फीसदी वृद्धि दर से उत्साहित होना चाहिए*

*सान्याल ने कहा, 'यदि आप इसे समझ गए, तो बढ़िया है, लेकिन समय के साथ लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि एक बहुत अच्छी वृद्धि दर है।' 'हमें नौ प्रतिशत की वृद्धि लेकर बहुत उत्साहित नहीं होना चाहिए।'*

## वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की संभावना

वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा, 'किसी विशेष वर्ष में बहुत ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की कोशिश को लेकर भावुक होने की जरूरत नहीं है।'

## कुछ देश बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे

सान्याल ने उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया में अन्य देश भी हैं, जो 90 के दशक के मध्य में हमारी स्थिति में थे। उन्होंने कहा, 'आपको इंडोनेशिया, थाइलैंड आदि देशों की वृद्धि याद होगी। कुछ समय तक वे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। और फिर एशियाई संकट में यह सब खत्म हो गया।'

## हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे

रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से जुड़े एक सवाल के जवाब में सान्याल ने कहा कि यह रुपये को अधिक मांग वाली मुद्रा में बदलने के बारे में है। उन्होंने कहा, 'हमारी आंकाक्षा अगले दशक में अन्य कई मुद्राओं की तरह रुपये को ऐसी मुद्रा बनाने की आकांक्षा है, जिसकी दूसरे देशों में मांग हो। हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।'

*दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे : पीएमईएसी*

*सदस्य ने कहा, 'शायद दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मामले में, हम अब लक्ष्य के काफी करीब हैं।' उन्होंने तर्क दिया कि सरकार को आर्थिक वृद्धि को आठ-नौ प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए किसी भी वित्तीय कदम पर जोर नहीं देना चाहिए।*

# रबरबैंड को सिर पर बांधें, हाथों पर नहीं...

**अक्सर** ऐसा देखने में आता है कि बालों में लगाया जाने वाला रबर कलाइयों पर बंधा होता है। कोई इसे फैशन के तौर पर बांधता है तो कोई सुविधा के लिए। वजह कोई भी हो लेकिन उसका नुकसान एक ही है। इससे न केवल आपकी कलाइयां बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी प्रभाव पड़ता है। कई बार बालों पर बांधा जाने वाला इलास्टिक बालों पर कम और कलाइयों पर अधिक नजर आता है। क्योंकि यह स्टाइलिश भी लगता है और कई बार दिनभर सिर पर लगाए रखना भी असुविधजनक लगता है। ऐसा करने से पहले सेहत पर पड़ने वाले इसके दुष्परिणामों के बारे में जरूर जान लें।

**जानलेवा इन्फेक्शन :** लगातार हाथ की कलाई पर रबरबैंड बांधने से उस हिस्से में गठान जैसी हो सकती है। और कई बार यह इतनी गंभीर हो जाती है कि डॉक्टर द्वारा एंटीबायोटिक देने के बाद भी वह सूजन या गठान ठीक नहीं होती। इससे उस हिस्से में बैक्टीरियल इन्फेक्शन हो सकता है और जिसमें मवाद भरने के कारण सर्जरी की भी नौबत आ सकती है। क्योंकि रोमछिद्रों द्वारा बैक्टीरियल इन्फेक्शन त्वचा के अंदर पहुंच जाता है और उसे गंभीर घाव में तब्दील कर सकता है। और समय पर इसका इलाज नहीं कराने से सेप्सिस। दरअसल लंबे समय तक हम रबरबैंड का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उसकी सफाई नहीं करते हैं और उन्हें कलाई पर बांधे रखते हैं।

**बाल हो जाते हैं कमजोर :** बालों में लगाया जाने वाला बैंड सबसे पहले बालों को ही नुकसान पहुंचाने का काम करता है। यदि लंबे समय तक रबरबैंड का प्रयोग बालों को बांधने के लिए किया जाए तो वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं, खासकर जबकि उसे बहुत टाइट बांधा गया हो। इससे कई बार सिर के खास हिस्से से बाल कम होने लगते हैं और कई बार यह सिरदर्द का कारण भी बनता है।

**ब्लड सकुर्लेशन खत्म हो सकता है :** हाथों पर लगातार रबर बैंड बांधे रखने से न केवल उस हिस्से पर लाल लकीर जैसी बन जाती है बल्कि स्थिति इससे भी गंभीर हो सकती है। इसकी वजह से जोड़ों से संबंधित जानलेवा परेशानी एक्यूट कम्पार्टमेंट सिंड्रोम हो सकता है, जिसमें शरीर का एक हिस्सा लंबे समय तक दबाव की स्थिति में होता है और शरीर के बाकी हिस्सों से अलग-थलग पड़ जाता है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है।



# ब्रेकफास्ट में बढ़ाएं एंटीऑक्सीडेंट का डोज

**केमिकल** के कारण आपकी ऊर्जा का ह्रास होता है और यह आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है। एंटीऑक्सीडेंट प्राकृतिक रूप से खाद्य और पेय पदार्थों में मौजूद होता है। इसलिए अपने नाश्ते में अधिक से अधिक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करने की कोशिश करें।

## बेरीज खाएं भरपूर मात्रा में

शोधों में यह बात सामने आई है कि बेरीज खाना हर दिन एंटीऑक्सीडेंट के डोज को प्राप्त करने का सेहतमंद तरीका है। सेब, नाशपाती, आलूबुखारा, अन्नास, चेरीज और कीवी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य हैं। बेरीज सबसे आसान तरीका है इसको नाश्ते में शामिल करने का। इसके लिए विभिन्न प्रकार के फलों को एंटीऑक्सीडेंट के रूप में लें।

## इस तरह करें शामिल

- एक कप लो फैट दही में एक कप स्ट्रॉबेरी और रस्पबेरी को ब्लेंडर में डालकर स्मूदी बनाएं। आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें वेनिला भी डाल सकते हैं।
- ब्लूबेरीज को एक कप ऑरेंज जूस और एक केले के साथ ब्लेंड करके भी नाश्ते में ले सकते हैं।
- ओट्स का नाश्ता ले रहें हों तो रस्पबेरी को इसके ऊपर डालकर खाएं
- यदि पेनकेक बना रहे हैं तो इसे उसके बैटर में डालकर खा सकते हैं।

## ऑमलेट बनाकर खाएं

अंडे में पालक काटकर डालें और उससे ऑमलेट तैयार करें। पालक एंटीऑक्सीडेंट और अन्य विटामिन व मिनरल से भरपूर होते हैं। वैसे पालक को ऑमलेट के साथ बहुत अधिक पकाएं नहीं, बल्कि जब यह गर्म हो उस समय उसमें डालें।

## बनाएं और भी हेल्दी

- शिमला मिर्च एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, और इन्हें ऑमलेट की एक बेहतर सामग्री के रूप में शामिल कर सकते हैं। लेकिन उससे पहले इसे हल्का भून लें।
- ब्रॉकली को एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस माना जाता है। इसे माइक्रोवेव में पहले भून लें, फिर डिनर में बची हुई ब्रॉकली को ऑमलेट में मिलाकर बनाएं।
- यदि शकरकंद पर उसकी स्किन को रहने दिया जाए तो यह एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्रोत हो सकता है। पके हुए



शकरकंद को ऑमलेट के साथ सर्व करें।

## नट्स खाएं

नट्स के कई प्रकारों में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है। चूंकि, नट्स में अच्छी-खासी मात्रा में फैट होता है, इसलिए इन्हें खाने के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत है। अखरोट, पिस्ता और बादाम में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।

## इस तरह शामिल करें

- ओट्स में शहद के साथ थोड़ी मात्रा में बादाम की कतरनें भी डाल सकते हैं। इसके साथ ही इसमें बेरीज भी डाल सकते हैं।
- अपने सीरियल में कुछ मात्रा में अखरोट डालें, इसे आप ठंडे या गर्म दोनों प्रकार के सीरियल में मिला सकते हैं।
- बादाम बटर को आप अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करें, चाहें तो इसे टोस्ट के ऊपर लगाकर खा सकते हैं।

## लाभदायक एंटीऑक्सीडेंट

- सुबह उठकर या फिर पूरे दिन ग्रीन टी पी सकते हैं, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट की उच्च मात्रा आपकी सेहत को कई अन्य प्रकार से लाभ पहुंचाती है।
- कॉफी में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, लेकिन इसमें अधिक शकर, क्रीम और अन्य फ्लेवर न मिलाएं।

# खुद ही जांचें पोषण की कमी



**यदि** आप पाते हैं कि आप अक्सर ही बीमार पड़ते हैं तो इसका मतलब है कि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन और पोषक तत्व नहीं ले रहे हैं। इसके लिए आप सेल्फ टेस्ट कर सकते हैं। खुद की जांच के लिए चार प्रकार के टेस्ट किए जाते हैं जोकि प्रमुख पोषक तत्वों के ना मिलने की ओर संकेत देते हैं।

### स्टर्नम थम्ब टेस्ट

यदि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी ले रहे हैं तो यह टेस्ट उसके संकेत देता है। जब बात इम्यून सिस्टम को एक्टिवेट करने की आती है तो यह विटामिन आवश्यक भूमिका निभाता है। यह इम्यून सिस्टम की रक्षा करने वाले तंत्रों को अलर्ट रखता है। साथ ही यह विटामिन हड्डियों और मांसपेशियों को ताकत पहुंचाने में भी अहम माना जाता है। इसे जांचने के लिए आपका अंगूठा ही काफी है। अपने अंगूठे को ब्रेस्टबोन पर रखें, यह आपका स्टर्नम है। आप चाहें तो शिन्बोन या पिंडली की हड्डी को भी इसके विकल्प के रूप में दबाकर देख सकते हैं। यदि इन बोन्स को दबाने से वह मुलायम महसूस हो या आपको दर्द महसूस हो तो इसका मतलब है कि आपको विटामिन डी की कमी है। वैसे 90 प्रतिशत विटामिन डी की पूर्ति सूर्य की रोशनी से होती है। बाकी आहार के जरिए इसकी कमी को पूरा किया जा सकता है।

### बैलेंस टेस्ट

यदि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी 12 ले रहे हैं तो यह टेस्ट उसके संकेत देता है। इसका निम्न स्तर न केवल आपकी इम्यूनिटी के स्तर को दबाने का काम करता है, बल्कि ऊर्जा के स्तर को भी कम करता है। इससे व्यक्ति को तनाव या अवसाद महसूस होता है। विटामिन बी 12 की कमी से व्यक्ति के स्पष्ट रूप में सोचने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों को एक साथ जोड़कर रखें और अपने हाथों को आपस में दोनों साइड में। इसके बाद अपनी आंखों को बंद रखें और अपने एक पैर को सामने की ओर ले जाएं और ऐसा तीन सेकंड तक रुककर करने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया को किसी दीवार के सामने या अपने दोस्त के साथ करें, ताकि असंतुलन की स्थिति में आप संभल जाएं। यदि आपका संतुलन बिगड़ता है तो इसका मतलब है कि आपको विटामिन बी12 की कमी है। इसकी पूर्ति मछली, दही और चीज आदि से की जा सकती है। शाकाहारी इसकी पूर्ति सप्लीमेंट के जरिए कर सकते हैं।

### माउथ सोर टेस्ट

यह पर्याप्त मात्रा में विटामिन 6 लेने के संकेत देता है। यह महत्वपूर्ण पोषक तत्व है जोकि इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। यदि पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी 6 न लिया जाए, तो मतिभ्रम, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन और मुंह या जीभ में सूजन की समस्या हो सकती है। इससे शरीर में सूजन की परेशानी हो सकती है। घर पर आईने में अपने चेहरे का परीक्षण करें। सबसे पहले मुंह के बाहरी हिस्से से शुरूआत करें। देखें यदि होंठ के किनारों पर क्रैक के लक्षण नजर आ रहे हों, फिर अपने मुंह को थोड़ा ज्यादा खोलें और सूजन की जांच करें। जीभ के निचले हिस्से को चेक करना न भूलें। यदि आपको कोई घाव या सूजन मुंह के अंदर या बाहर नजर आ रही हो तो इसका मतलब है कि आपको पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी6 की प्राप्ति नहीं हो रही है।

### स्किन टेस्ट

पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए की पूर्ति हो रही है या नहीं यह टेस्ट उसका संकेत देता है। यह महत्वपूर्ण विटामिन आपकी त्वचा, दांतों और हड्डियों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। इस टेस्ट के लिए आपको पूरे शरीर की जांच करने की जरूरत होती है। इसके लिए अपने शरीर के चारों और ड्राय स्पॉट देखने की कोशिश करें। रुखी, खुरदुरी और फटी हुई स्किन, कमजोर बाल, टूटते या निकलते नाखूनों की जांच करें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# वरुण धवन की दीवानी थी ये बॉलीवुड एक्ट्रेस

**वरुण** धवन अपने गुड लुक्स के लिए जाने जाते हैं। एक्टर के लाखों चाहने वाले हैं। एक्टर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा हम आपके लिए लाए हैं। एक्टर को एक बॉलीवुड हीरोइन हद से ज्यादा पसंद करती थीं और उन्होंने एक्टर से अपने प्यार का इजहार भी किया था, लेकिन एक्टर ने उनके प्रपोजल को साफ इंकार कर दिया था। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि श्रद्धा कपूर ही हैं। बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने ये किस्सा खुद साझा किया, वो भी एक टीवी रियलिटी शो में, जहां दोनों एक साथ अपनी फिल्म को प्रमोट करने पहुंचे थे। श्रद्धा कपूर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है और लोग उन्हें खूबसूरती के साथ ही एक्टिंग के लिए लोग काफी पसंद करते हैं। अब आपको बताते हैं कि श्रद्धा कपूर और वरुण धवन के बीच ये प्यार और इंकार का खेल कब हुआ। दरअसल, ये कहानी दोनों के बचपन की है। दोनों साथ में ही पढ़ते थे और फिल्मों की शूटिंग के चलते कई बार अपने पेरेंट के साथ ही जाते थे। ऐसा ही था जब दोनों एक साथ गए हुए थे। श्रद्धा, वरुण को पसंद करती थीं और वो उन्हें ये बताना चाहती थीं।

# शाहरुख से करतीं शादी? काजोल का मजेदार जवाब

**बॉलिवुड** में कुछ जोड़ियां ऐसी हैं जिन्हें बड़े पर्दे पर देखना फैन्स हमेशा पसंद करते हैं। ऐसी ही एक जोड़ी शाहरुख खान और काजोल की है जिसे हमेशा से पसंद किया जाता है। फिल्म 'बाजीगर' में पसंद की गई इस जोड़ी ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। इस बीच शाहरुख और काजोल के बीच रीयल लाइफ में कैसी बॉन्डिंग है, इस बारे में फैन्स हमेशा जानना चाहते हैं। एक फैन ने ऐसा ही एक सवाल काजोल से पूछा भी था जिसका उन्होंने दिलचस्प जवाब दिया था। दरअसल पिछले साल काजोल ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया था। इस सेशल में एक फैन ने पूछा कि अगर काजोल अजय देवगन से नहीं मिली होतीं तो क्या वह शाहरुख खान से शादी करतीं? इस सवाल का काजोल ने बहुत मजेदार और दिलचस्प जवाब दिया। उन्होंने इस सवाल के जवाब में फैन से एक सवाल ही पूछते हुए कहा, 'क्या उस आदमी को प्रपोज नहीं करना चाहिए था?' इस सवाल के अलावा भी काजोल से एक फैन ने शाहरुख खान के लिए एक शब्द पूछा। इसके जवाब में काजोल ने लिखा, 'आइकॉनिक'।





# दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर किया भारत का नाम रोशन

**इंटरनेशनल** पत्रिका डेडलाइन ने साल 2024 के ग्लोबल डिसरप्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण का नाम शामिल है, जो सम्मान की बात है। यह लिस्ट में दुनियाभर से ऐसे सितारों का नाम शामिल किया जाता है, जो एंटरटेनमेंट जगत में खास योगदान दे रहे हैं। ऐसे में भारत से इस लिस्ट में सिर्फ दीपिका पादुकोण का नाम शामिल है। दीपिका पादुकोण को भारत की सरप्राइज सुपरस्टार बताया गया है। एक्ट्रेस ने लगातार 2 सालों तक अपनी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कई इंटरनेशनल प्लेटफॉर्मों पर भी भारत को प्रेजेंट किया है। दीपिका पादुकोण के अलावा इस लिस्ट में ईवा लोंगोरिया, उमा थुरमन और ली सुंग-जिन जैसे हॉलीवुड हस्तियों का नाम शामिल है। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी के सफर को एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस साल फरवरी में ऐलान किया था कि वह मां बनने वाली हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि सितंबर, 2024 में उनकी डिलीवरी हो सकती है।